**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 23.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिंदुस्तान,अमर उजाला,दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स,आज, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन,राष्ट्रीय सहारा, तरुण मित्र " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

### अमर उजाला –दि0 23.10.2024

## लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को सचिव वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्राधिकरण के संपत्तियों के विक्रय की स्थिति, आवंटन बहाली आदि की समीक्षा की गई। सचिव ने कहा कि संपत्ति की विवरण तैयार कर एक सप्ताह में लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। संवाद

### अमर उजाला –दि0 23.10.2024

## एयरपोर्ट से 20 किमी की परिधि के भवनों की कम हो ऊंचाई

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण में मंगलवार को वाराणसी एयरपोर्ट के विमान संदर्भ बिंदु से 20 किमी की परिधि के अवरोधों को हटाने या ऊंचाई कम कराने बैठक हुई। भारतीय विमान पत्तन, प्राधिकरण से प्राप्त अवरोधों की सूची के क्रम में अब तक वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 15 भवनों, 4 मोबाइल टावरों पर मानक से अधिक ऊंचे निर्माणों को हटाने के नोटिस की कार्यवाही की। ब्यूरो

दैनिक जागरण –दि0 23.10.2024

## वीडीए सचिव ने पटल सहायकों को दी हिदायत

वाराणसी : विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने मंगलवार को संपत्ति अनुभाग समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्राधिकरण संपत्तियों के विक्रय, आवंटन बहाली, रजिस्ट्री लंबित, बकाया वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, लीज नवीकरण, नामांतरण आदि के बारे में एक-एक कर चर्चा की। सभी पटल सहायकों को हिदायत देते हुए निर्देश दिया कि फरियादियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि कोई शिकायत मिलेगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई तय है। (जासं)

दैनिक जागरण –दि0 23.10.2024

## वाराणसी विकास प्राधिकरण ने पांच अवैध निर्माण किए सील

वाराणसी : विकास प्राधिकरण जोन दो के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सारनाथ वार्ड के पंचक्रोशी रोड पर राजेश यादव व परशुरामपुर में सुजीत पटेल के अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति ने बताया कि हथुआ मार्केट में दिवाकर पांडेय की चार दुकान, विनोद और बबलू गुप्ता के अवैध निर्माण सील किए गए। (जासं)

## मास्टर प्लान के विपरीत बाउंड्री और गेट को कराएं व्यवस्थित

वाराणसी : विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को दशाश्वमेध वार्ड के शिवपुरवा में प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार चौरसिया, विनोद कुमार चौरसिया एवं सीमा चौरसिया के दाखिल शमन मानचित्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर प्लान के विपरीत बाउंड्री व गेट होने एवं पर्याप्त वाहन पार्किंग नहीं होने पर उसे व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। (जासं)

## दैनिक जागरण –दि0 23.10.2024

### एयरपोर्ट के पास बहुमंजिली इमारत से परेशानी

वाराणसी : लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास बहुमंजिली इमारत या कई मंजिल के निर्माण होने और मोबाइल टावर से आने वाली परेशानियों को लेकर मंगलवार को वीडीए में एयरपोर्ट अधिकारियों संग बैठक हुई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बहुमंजिली इमारत से विमानों को आने वाली परेशानियों के बारे में बताया। अध्यक्षता अपर सचिव डा. गुणाकेश शर्मा ने की। (जासं)

## आज –दि0 23.10.2024

### भवन और दुकानका निर्माण कार्य बन्द कराकर किया सील

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर मंगलवारको दशाश्वमेधमें बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध निर्माण करानेवाले दिवाकर पाण्डेय नामक व्यक्तिके विरुद्ध काररवाई की गयी। हथुआ मार्केटमें चार दुकानोंमें अवैध निर्माण और खालिक लोहतामें बिना अनुमतिके आवास का निर्माण कर रहे लोगोंके विरुद्ध काररवाई की गयी। इसमें अभियन्ताओंने दुकान और मकानको सील कर दिया और निकटतम थानेकी अभिरक्षामें सौंप दिया। काररवाईमें जोनल सौरभदेव प्रजापति, अवर अभियन्ता रवीन्द्र प्रकाश मौजूद थे, वहीं उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने दशाश्वमेध वार्डमें मकानके निर्माणका औचक निरीक्षण करने मौकेपर पहुंचे। निरीक्षणके दौरान उन्होंने गलत निर्माणको लेकर आपत्ति जतायी और बताया कि प्लान के अनुसार रोड वाइडिंग और ब्राउंडी वाल गलत ढंगसे प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने अपने अधीनस्थोंको निर्देश दिया कि भवन स्वामीके द्वितीय और तृतीय तलके निर्माणको तत्काल रोका जाय और भवनस्वामीको नोटिस दिया जाय। निरीक्षणके दौरान जोनल अधिकारी सौरभदेव, अवर अभियन्ता रवीन्द्र प्रकाश मौजूद थे।

### सम्पत्तिकी रजिस्ट्री निर्धारित समयमें करानेका निर्देश

वाराणसी विकास प्राधिकरणके सचिव वेदप्रकाश मिश्राने मंगलवारको सम्पत्तिके विक्रयसे संबंधित आवश्यक बैठक ली। बैठकमें उनका महत्वपूर्ण मुद्दा आवंटनकी बहाली, रजिस्ट्री, लंबित सम्पत्तियोंकी स्थिति,

## आज –दि0 23.10.2024

# एयरपोर्टके समीप भवनोंके निर्माण कार्यकी लम्बाईपर लगी रोक

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर वाराणसी एयरपोर्टके सन्दर्भमें विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें बताया गया कि बीस किलोमीटरकी परिधिमें अवरोधोंको हटाया जाय एवं अवरोधोंकी ऊंचाई विमानन मन्त्रालय नियम २०२० के तहत काम किया जाय। अवरोधकी सूचीमें विप्राने १५ भवनों, चार मोबाइल टावर, मानकसे अधिकर ऊंचा निर्माणको हटानेके लिए नोटिसकी काररवाई पूरी कर ली है। जबकि दो भवनोंकी ऊंचाई कम की गयी है। इस सम्बन्धमें अपर सचिवने बताया कि प्रत्येक सप्ताह एयरपोर्टके आसपासके क्षेत्रोंका संयुक्त सर्वे किया जा रहा है और मुख्य तौरपर ऊंचाईको प्राथमिकता दी जा रही है। यह भी बताया गया कि बीस किलोमीटरके दायरेमें प्राधिकरणके वेबसाइटपर आवश्यक जानकारी उपलब्ध है। इस व्यवस्थासे आम नागरिक भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसमें विमान पत्तनम प्राधिकरणके २०२० के संशोधनका भी उल्लेख किया गया है। इन क्षेत्रोंमें निर्धारित ऊंचाईसे अधिक निर्माण होनेपर मानचित्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा। बैठकमें अपर सचिव डॉक्टर गुडाकेश शर्मा, भारतीय विमानन पत्तम प्राधिकरणके पुनीत गुप्ता, एयरपोर्टके डायरेक्टर शैलेश सिंह, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश और अवर अभियन्ता अतुल कुमार मौजूद थे।

**१५ भवनों एवं चार मोबाइल टावरोंको भेजी गयी नोटिस**

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 23.10.2024

# वाराणसी विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने की कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।आज वार्ड-दशाश्वमेध के अन्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए दिवाकर पाण्डेय द्वारा चेतगंज स्थित हथुआ मार्केट में 04 दुकानों के अवैध निर्माण को, खालिक द्वारा हरपालपुर लोहता में अवैध रूप से भूतल पर किये जा रहे निर्माण को तथा कर्नादांडी, दरेखू में विनोद कुमार द्वारा G+2 व बबलू गुप्ता द्वारा G+1 के अवैध निर्माण को आज सील बंद किया गया।




जोनल अधिकारी श्री सौरव देव प्रजापति अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश मौजूद रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

हिन्दुस्तान –दि0 23.10.2024

## एयरपोर्ट से 20 किमी दायरे में निर्माण का सर्वे

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। एयरपोर्ट के विमान संदर्भ बिन्दु (एयरोड्रोम रेफरेंस) से 20 किलोमीटर की परिधि में आने वाले अवरोधों को हटाने अथवा मानकों के अनुसार उनकी ऊंचाई कम करने के संबंध में मंगलवार को बैठक हुई।

वीडीए मुख्यालय में नागर विमानन मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में अपर सचिव ने कहा कि उपलब्ध सूची के अनुसार अब तक वीडीए ने 15 भवनों एवं 4 मोबाइल टावरों को नोटिस भेजा है। दो भवन स्वामियों ने स्वयं ऊंचाई कम की है। बैठक में तय हुआ कि दोनों विभाग हर सप्ताह एयरपोर्ट के आस-पास संयुक्त सर्वे करने एवं ऊंचे निर्माणों को चिह्नित करेंगे। निदेशक पुनीत गुप्ता ने कहा कि एयरपोर्ट के 20 किमी के दायरे का कलर कोड मैप https;// nocas2.areo/nocas/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

न्यायाधीश –दि0 23.10.2024

## वाविप्रा में आयोजित की गई संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव श्री वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्राधिकरण के संपत्तियों के विक्रय की स्थिति, आवंटन बहाली, रजिस्ट्री हेतु लंबित संपत्तियों की स्थिति, बकाएं की वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, लीज नवीनीकरण, नामांतरण प्रकरण, हस्तांतरण प्रकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी अपनी योजनावार व संपत्तिबार विस्तृत विवरण तैयार करें तथा एक सप्ताह में लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें । प्रभारी अधिकारी संपत्ति को संयुक्त रूप से जो संपत्तियां नहीं बिक रही हैं उनको अलोकप्रिय घोषित करने के संबंध में अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, संपत्ति अनुभाग के समस्त पटल सहायक उपस्थित थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

न्यायाधीश –दि0 23.10.2024

## वाविप्रा उपाध्यक्ष ने किया प्राप्त शमन मानचित्र का स्थलीय निरीक्षण



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा 22 अक्टूबर को स्थल निरीक्षण के दौरान श्री प्रदीप कुमार, श्री प्रमोद कुमार चौरसिया ,श्री विनोद कुमार चौरसिया एवं श्रीमती सीमा चौरसिया मौजा- शिवपुरवा ,वार्ड- दशाश्वमेघ मे प्राप्त शमन मानचित्र का उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें मास्टर प्लान के अनुसार रोड व्हाइडनिंग मे आ रही बाउंड्री वॉल एवं गेट को हटाने , एवं पर्याप्त पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये,इसके साथ ही द्वितीय एवं तृतीय तल पर स्वीकृति के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल बंद करवाते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी सौरभ देव एवं अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश उपस्थित रहे।

न्यायाधीश –दि0 23.10.2024

## वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को किया सील



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी । इसके तहत 22 अक्टूबर को वार्ड- दशाश्वमेध के अन्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए दिवाकर पाण्डेय द्वारा चेतगंज स्थित हथुआ मार्केट में 04 दुकानों के अवैध निर्माण को, खालिक द्वारा हरपालपुर लोहता में अवैध रूप से भूतल पर किये जा रहे निर्माण को तथा कर्नादांडी, दरेखू में विनोद कुमार द्वारा ऊ2 व बबलू गुप्ता द्वारा ऊ1 के अवैध निर्माण को आज सील बंद किया गया।इस दौरान जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश मौजूद रहे।वाविप्रा उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

परफेक्ट मिशन –दि0 23.10.2024

# वीडीए सचिव ने संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक किया



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्राधिकरण के संपत्तियों के विक्रय की स्थिति, आवंटन बहाली, रजिस्ट्री हेतु लंबित संपत्तियों की स्थिति, बकाएं की वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, लीज नवीनीकरण, नामांतरण प्रकरण, हस्तांतरण प्रकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी–अपनी योजनावार व संपत्तिबार विस्तृत विवरण तैयार करें तथा एक सप्ताह में लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें।

प्रभारी अधिकारी संपत्ति को संयुक्त रूप से जो संपत्तियां नहीं बिक रही हैं उनको अलोकप्रिय घोषित करने के संबंध में अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, संपत्ति अनुभाग के समस्त पटल सहायक उपस्थित थे।

परफेक्ट मिशन –दि0 23.10.2024

## वीडीए में अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य काफी प्रगति पर

वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा एक बड़ा कदम उठाते हुए प्राधिकरण के अभिलेखों को डिजिटाइज् करने का निर्णय लेते हुए डिजिटाइजेशन का कार्य प्रारम्भ है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन करने एवं संरक्षित किए जाने की दृष्टि से वाराणसी विकास प्राधिकरण के इस सम्बन्ध में कुल 1,75,266 संचिकाओं को डिजिटाइज कराया जा चुका है। अवशेष संचिकाओं को जिनकी संख्या लगभग 30,000 है, के डिजिटाइजेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।शीघ्र ही उसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

## वीडीए प्रवर्तन दल जोन-3 ने दशाश्वमेध में अवैध निर्माण को किया सील




वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार जनपद में हो रहे अवैध निर्माण के विरुद्ध मंगलवार को कार्रवाई की गई।इस दौरान वार्ड-दशाश्वमेध मे बिना मानचित्र स्वीकृत कराये दिवाकर पाण्डेय द्वारा चेतगंज स्थित हथुवा मार्केट में चार दुकानों के अवैध निर्माण को, खालिक द्वारा हरपालपुर लोहता में अवैध रूप से भूतल पर किए जा रहे निर्माण को तथा करनाडाड़ी दरेखू में विनोद कुमार द्वारा जी+2 व बबलू गुप्ता द्वारा जी+1 के अवैध निर्माण को मंगलवार को सील कर दिया गया।इस कार्यवाही में जोनल अधिकारी सौरभदेव प्रजापति,अवर अभियन्ता रविन्द्र प्रकाश तथा अन्य वीडीए कर्मी व क्षेत्रीय पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा –दि0 23.10.2024

### वीडीए सचिव ने की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव वेदप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्राधिकरण के संपत्तियों के विक्रय की स्थिति, आवंटन बहाली, रजिस्ट्री के लिए लंबित संपत्तियों की स्थिति, बकाएं की वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, लीज नवीनीकरण, नामांतरण प्रकरण, हस्तांतरण प्रकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी अपनी योजनावार व संपत्तिबार विस्तृत विवरण तैयार करें तथा एक सप्ताह में लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें । प्रभारी अधिकारी संपत्ति को संयुक्त रूप से जो संपत्तियां नहीं बिक रही को अलोकप्रिय घोषित करने के संबंध में अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, संपत्ति अनुभाग के समस्त पटल सहायक उपस्थित थे।

### वीडीए : 01 लाख 75 हजार 266 संचिका डिजिटाइज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा एक बड़ा कदम उठाते हुए प्राधिकरण के अभिलेखों को डिजिटाइज करने का निर्णय लेते हुए डिज़िटाइज़ेशन का कार्य प्रारंभ में वीडीए अभिलेखों के डिज़िटाइज़ेशन करने एवं संरक्षित किये जाने की दृष्टि से वीडीए अबतक कुल 01 लाख 75 हजार 266 (1,75,266) संचिकाओं को डिजिटाइज कराया जा चुका है द्य अवशेष संचिकाओं जिनकी संख्या लगभग 30 हजार (30,000) है के डिज़िटाइज़ेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

### वीडीए ने किया अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वीडीए वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। मंगलवार को वार्ड-दशाश्वमेध के अन्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए दिवाकर पाण्डेय द्वारा चेतगंज स्थित हथुआ मार्केट में 04 दुकानों के अवैध निर्माण को, खालिक द्वारा हरपालपुर लोहता में अवैध रूप से भूतल पर किये जा रहे निर्माण को तथा कर्नादांडी, दरेखू में विनोद कुमार द्वारा जी+2 व बबलू गुप्ता द्वारा जी+1 के अवैध निर्माण को सील बंद किया गया। जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति व अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सहारा –दि0 23.10.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष का स्थलीय निरीक्षण दिये निर्देश

**वाराणसी ।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार चौरसिया, विनोद कुमार चौरसिया एवं सीमा चौरसिया मौजा- शिवपुरवा, वार्ड- दशाश्वमेघ मे प्राप्त शमन मानिचत्र का मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें मास्टर प्लान अनुसार रोड व्हाइडनिंग में आ रही बाउंड्री वॉल एवं गेट को हटाने एवं पर्याप्त पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही द्वितीय एवं तृतीय तल पर स्वीकृति के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल बंद करवाते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी सौरभ देव एवं अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश उपस्थित रहे।

## तरूण मित्र –दि0 23.10.2024

# वीडीए सचिव ने संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश



**वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा समीक्षा बैठक लेते हुए अधीनस्थों संग**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक की गई।जिसमें प्राधिकरण के संपत्तियों के विक्रय की स्थिति, आवंटन बहाली, रजिस्ट्री हेतु लंबित संपत्तियों की स्थिति, बकाएं की वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, लीज नवीनीकरण, नामांतरण प्रकरण, हस्तांतरण प्रकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी अपनी योजनावार व संपत्तिबार विस्तृत विवरण तैयार करें तथा एक सप्ताह में लंबित संपत्तियों की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें । प्रभारी अधिकारी संपत्ति को संयुक्त रूप से जो संपत्तियां नहीं बिक रही हैं उनको अलोकप्रिय घोषित करने के संबंध में अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, संपत्ति अनुभाग के समस्त पटल सहायक उपस्थित थे।

तरूण मित्र –दि0 23.10.2024

## वीडीए वीसी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान नियम विरुद्ध हो रहे निर्माण को नोटिस किया जारी

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार चौरसिया, विनोद कुमार चौरसिया एवं सीमा चौरसिया मौजा-शिवपुरवा वार्ड-दशाश्वमेघ में प्राप्त शमन मानचित्र का स्थल निरीक्षण किया जिसमें मास्टर प्लान के अनुसार रोड व्हाइडनिंग में आ रही बाउंड्री वॉल एवं गेट को हटाने, एवं पर्याप्त पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही द्वितीय एवं तृतीय तल पर स्वीकृति के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल बंद करवाते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी सौरभ देव एवं अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग

6:27 am

## वीडीए में 175266 संचिकाओं को अब तक किया गया डिजिटाइज़

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा एक बड़ा कदम उठाते हुए प्राधिकरण के अभिलेखों को डिजिटाइज़ करने का निर्णय लेते लिया है जिसका कार्य प्रारंभ है। वीडीए के अभिलेखों के डिजि़टाइजे़शन करने एवं संरक्षित किये जाने की दृष्टि से वाराणसी विकास प्राधिकरण के इस सम्बन्ध में अबतक कुल एक लाख 75 हजार 266 (1,75,266) संचिकाओं को डिजिटाइज कराया जा चुका है। अवशेष संचिकाओं जिनकी संख्या लगभग 30 हजार (30,000) है के डिजि़टाइजे़शन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

6:27 am